मुख्य कुलानुशासक कार्यालय
राजस्थान विश्वविद्यालय,जयपुर

प्रो.एच.एस. पलसानिया
मुख्य कुलानुशासक

कार्यालय – 0141–2711139
E-mail- chiefproctorru@gmail.com

क्रमांक सीपी/2023/1725-1825 दिनांक: 26-06-2023

1. समस्त विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
2. समस्त निदेशक, पी.जी.स्कूल/केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
3. समस्त प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
4. निदेशक, केन्द्रीय पुस्तकालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
6. मुख्य आवासाधिकारी/ समस्त आवासाधिकारी (छात्र/छात्रा), राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
7. सचिव, स्पोर्ट्स बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
8. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
9. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
10. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

महोदय/महोदया,

आप सभी को नवीन शैक्षणिक सत्र 2023-24 की हार्दिक शुभकामनाएँ व विगत सत्र के सुचारू संचालन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित है। विश्वविद्यालय के नवीन सत्र के सफलतापूर्वक संचालन हेतु निम्नांकित बिन्दुओं पर आपका ध्यान आकृषित करते हुए आपसे सहयोग अपेक्षित है।

1. 'रैगिंग' एक आपराधिक कृत्य है, इसे रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है एवं इस हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में केन्द्रीय एन्टी रैगिंग कमेटी का गठन कर दिया है जो अपने स्तर पर रैगिंग की शिकायतों पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करेगी। कमेटी का पूर्ण विवरण राजस्थान विश्वविद्यालय की विवरणिका (Prospectus) में दिया गया है तथा यह विश्वविद्यालय की वेबसाइट <u>www.uniraj.ac.in</u> पर भी उपलब्ध है। **इसी क्रम में यह सुनिश्चित कर लें कि नवीन सत्र के लिये अपने महाविद्यालय/विभाग/केन्द्र में आवश्यक रूप से अपने स्तर पर 'एन्टी रैगिंग कमेटी एवं एन्टी रैगिंग स्क्वॉड' का गठन यथाशीघ्र (यू.जी.सी. "Regulations on Curbing the Menace of Ragging in Higher Educational Institutions, 2009" के अनुसार) कर लिया जाये।**

1.1 सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय/केन्द्र/छात्रावास में प्रवेशार्थी छात्र/छात्रा एवं उनके माता-पिता/संरक्षक से प्रवेश के समय एन्टी रैगिंग विषयक शपथ पत्र आवश्यक रूप से प्राप्त कर लिया जावे।

1.2 आपके अधीन परिसर में स्थित सूचना पट्टों, प्रवेश द्वार, कॉमन रूम, पुस्तकालय व कैन्टीन इत्यादि स्थानों पर रैगिंग जैसी घटना न करने की स्पष्ट चेतावनी एवं यू.जी.सी. द्वारा स्थापित हेल्पलाईन [illegible] 80-5522 ([illegible] टोल फ्री) स्पष्ट [illegible] होने चाहिए **और आपके विभाग/महाविद्यालय/केन्द्र में गठित एन्टी रैगिंग कमेटी के** सभी सदस्यों की जानकारी भी छात्र सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें, जिससे पीड़ित छात्र/छात्रा आवश्यकता पड़ने पर इस जानकारी का उपयोग कर सकें। **आपके द्वारा गठित एन्टी रैगिंग कमेटी के सदस्यों की सूची हार्डकॉपी/ई-मेल** chiefproctorru@gmail.com **द्वारा मुख्य कुलानुशासक कार्यालय को यथाशीघ्र आवश्यक रूप से भेजना सुनिश्चित करें।**

1.3 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र क्रमांक1-15/2015(एआरसी) पीटी.II माह जनवरी 2019 के अनुसार सभी ऐसे स्थान जहाँ पर छात्र/छात्राओं का आवागमन अधिक रहता हो, (मुख्यतः- पुस्तकालय, छात्रावास, कैन्टीन, मैस, प्रशासनिक भवन आदि) पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्मित एन्टी रैगिंग सम्बन्धित पोस्टर एवं आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। यह पोस्टर यू.जी.सी. की वेबसाइट **www.antiragging.in** पर उपलब्ध हैं।

2. जैसा कि आपको विदित है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त संघटक महाविद्यालयों की दीवारों पर कुछ लिखना एवं पोस्टर/बैनर आदि लगाना पूर्णतया वर्जित है तथा यह **राजस्थान संपत्ति विरूपण अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।** यह जानकारी छात्र सूचना पट्ट पर अवश्य प्रदर्शित करें। यदि पोस्टर, बैनर आदि किसी भी स्थान पर लगे हुए हैं तो उन्हें अपने स्तर पर अतिशीघ्र हटवाने का कष्ट करें तथा माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार भविष्य में यदि किसी भी प्रकार का पोस्टर/बैनर आपके अधीन परिसर में लगा हुआ पाया जाए तो उसकी वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी करवाकर सम्बन्धित छात्र/छात्रा के विरूद्ध संबंधित थाने में तुरन्त नामजद प्राथमिकी दर्ज कराएँ और प्राथमिकी की छायाप्रति मुख्य कुलानुशासक कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रेषित करने का श्रम करें।

3. उपरोक्त क्रम में यह भी निवेदन है कि आपके महाविद्यालय/विभाग/केन्द्र में सत्र 2023-24 के लिये नामित रेक्टर एवं प्रोक्टर्स के नाम, पता, मोबाईल नंबर की जानकारी हार्डकॉपी/ई-मेल chiefproctorru@gmail.com द्वारा **मुख्य कुलानुशासक कार्यालय को अतिशीघ्र आवश्यक रूप से भेजने का श्रम करें।**

विश्वविद्यालय परिसर एवं समस्त संघटक महाविद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र में एक उत्कृष्ट वातावरण का सृजन एवं विश्वविद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाये रखने में आपका पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

धन्यवाद,

भवदीय

[signature] 26/06/2023

मुख्य कुलानुशासक